Seventeenth Loksabha

an>

Title : Need to run a MEMU passenger train between Sitapur and Lucknow

श्री राजेश वर्मा (सीतापुर): आदरणीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपका ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र जनपद सीतापुर (उत्तर प्रदेश) की तरफ आकृष्ट करना चाहता हूँ । मेरा जनपद सीतापुर एक बहुत बड़ा शहर है और प्रदेश की राजधानी लखनऊ से मात्र 80 किमी कि दूरी पर स्थित है । हजारों दैनिक यात्री, मजदूरी करने वाले लोग एवं व्यापारी प्रतिदिन प्रातः सीतापुर से लखनऊ और संध्या में लखनऊ से सीतापुर आते-जाते हैं, परन्तु प्रातः एवं संध्या मे कोई भी पैसेंजर ट्रेन नहीं है ।

अतः अध्यक्ष महोदय आपके माध्यम से मैं माननीय रेल मंत्री जी से माँग करता हूँ कि जनहित मे सीतापुर- लखनऊ यात्रियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए मेमो ट्रेन के अप-डाउन के संचालन हेतु निर्देश प्रदान करने का कष्ट करें ।